ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank
ಭಾರತ ಸರ್ಕಾರದ ಒಂದು ಉದ್ಯಮ भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

Together We Can

प्रेस विज्ञप्ति

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

दिनांक 30.09.2024 को केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु में हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सत्यनारायण राजु ने की। हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रेल व्हील फैक्ट्री, येलहंका, बेंगलूरु के महाप्रबंधक श्री आर राजगोपाल, आईआरएसएमई उपस्थित रहे। श्री देवशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक, श्री अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशक, श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया, कार्यपालक निदेशक, श्री भवेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक, अन्य कार्यपालकगण सहित बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर राजगोपाल जी अपने संबोधन में हिन्दी के सुप्रसिद्ध वृंद की वृंद-सतसई के दोहे "करत करत अभ्यास के जड़मती होत सुजान, रसरी आवत-जात ते सील पर परत निशान" से जोड़ते हुए बताया कि यदि हिंदीतर भाषी कर्मचारी भी प्रयास करें तो वह आसानी से हिन्दी भाषा सीख सकते हैं।

Publicity & Public Relations Section
Marketing, Public Relations & Third party products Wing
2nd Cross, Gandhi Nagar
Bengaluru – 560009

Tel no: 080-22340477
E mail: hoppr@canarabank.com
www.canarabank.com

Internal

केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के सत्यनारायण राजु ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, इसके साथ यह हमारे भावों, हमारी परंपरा, हमारी विरासत, हमारी संस्कृति और यहाँ तक उसके पीछे छिपी मंशा भी साथ लेकर चलती है। एक प्रकार से भाषा हमारे समूचे व्यक्तित्व को प्रस्तुत करती है।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा सांकृतिक संध्या कार्यक्रम के भव्य आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

Publicity & Public Relations Section
Marketing, Public Relations & Third party products Wing
2nd Cross, Gandhi Nagar
Bengaluru – 560009
Tel no: 080-22340477
E mail: hoppr@canarabank.com
www.canarabank.com